(b) Yes, Sir. Reports of interpolation of excised portions in the films certified for public exhibition are being received in the Board's Office. Exhibition of films being a State subject, powers and respon sibility regarding enforcement of Rules and orders in this behalf rest with the State Governments and Union Territory Administrations, and not with the Board. However, offences committed under Sec tion 7 of the Cinematograph Act, when brought to the notice of the Board, are inquired into and necessary action taken, including police action and suspension of exhibition of films for a specific period and/or uncertification of the concerned film.

Rail link between Ranchi and Girdih via Kodarraa

1205. SHRI KAILASH PATI MISHRA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to provide a rail link between Ranchi and Girdih via Kodarma-Hazaribagh to cover Chhota Nagpur area which is rich in minerals and for which survey was undertaken and estimates prepared and

(b) what action has been taken so far on the basis of the survey report?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) No, Sir.

(b) As the project was assessed as financially unremunerative, it could not be considered for being taken up.

अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन

1206. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कितने अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन हैं ;

(ख) इनमें से कौन-कौन से अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन उत्तर प्रदेश में स्थित हैं ; और

(ग) किन-किन विमानपत्तनों को निकट भविष्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया जायेगा और इस पर कितनी धनराशि व्यय होगी ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) इस समय भारत में दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में स्थित चार अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं।

(ख) इन मौजूदा चार अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों में से कोई भी उत्तर प्रदेश में स्थित नहीं है।

(ग) बंगलौर हवाई अड्डे से सीमित अंतर्राष्ट्रीय परिचालन शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं इस पर होने वाले कुल व्यय का हिसाब नहीं लगाया गया है।

महिला विमान-चालिकाएं

1207. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में महिला विमान चालिकाओं की संख्या कितनी है ; और

(ख) अधिक महिलाओं को नागर विमानन सेवा में विमान चालिकाओं के रूप में आकर्षित करने के लिए हाथ में लिए गए अथवा लिए जा रहे कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) देश में महिला पायलटों को विभिन्न श्रेणियों के 183 लाइसेंस जारी किए गए हैं।

(ख) यद्यपि अधिक महिला पायलटों को आकर्षित करने की कोई अलग योजना नहीं है, तथापि पिछले कुछ समय से यह देखा गया है कि उड़ान प्रशिक्षण के लिए अधिक महिला अभ्यर्थी अपना विकल्प दे रही हैं। आर्थिक सहायता योजना, जिसमें किसी अभ्यर्थी द्वारा निजी पायलट का लाइसेंस प्राप्त कर लेने तक अथवा 60